कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-27.04.2025

विषय:- सड़क दुर्घटना मे हुई मृत्यु के मामले में वांछित अभियुक्त विकास प्रजापति को थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट/हत्या की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0234/2025 धारा 281,106(1),125(B),324(2) बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त विकास प्रजापति पुत्र ललई प्रजापति निवासी ग्राम सोनबरसा थाना जंसा जनपद वाराणसी को आज दिनांक-27.04.2025 को समय करीब 11.05 बजे डुबकिया बाजार के पास थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध मे थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 14.04.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक 13.04.2025 को रात्रि में समय करीब 11:00 बजे मुनारी चौराहे के पास चौबेपुर की तरफ से आ रही स्कार्पियो चार पहिया वाहन के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए वादी मुकदमा/प्रार्थी के भाई की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया गया जिससे उनके भाई व भतीजी को गंभीर चोटें आयी है तथा वादी मुकदमा/प्रार्थी के भतीजे को गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर में मु0अ0सं0-0234/2025 धारा 281,106(1),125(B),324(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 शिवप्रकाश वर्मा द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

विकास प्रजापति पुत्र ललई प्रजापति निवासी ग्राम सोनबरसा थाना जंसा जनपद वाराणसी, उम्र 27 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- डुबकिया बाजार के पास थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी से, दिनांक-27.04.2025 को समय करीब 11.05 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-0234/2025 धारा 281,106(1),125(B),324(2) बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. निरीक्षक जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 शिवप्रकाश वर्मा थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
3. का0 धीरेन्द्र कुमार थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
4. का0 शशि कुमार सरोज थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरूणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।